RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 61 | SUNDAY 15-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



चलो सिलेंडर मिल गये, मान लिया दो-चार।
कितने दिन तक चलेंगे, अगर खिंच गया वार।
अगर खिंच गया वार, करोगे फिर क्या भाई।
बंद हो गई अगर, कहीं पीछे सप्लाई।
कह साहिल कविराय, गॉड से करिए विनती।
जल्द खत्म हो जंग, बढ़े ना दिन की गिनती।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

# पंजाब के टेक्नोलॉजी-आधारित इकोसिस्टम को आकार देने के लिए जीसीसी लीडर्स के साथ रणनीतिक चर्चा हुई: संजीव अरोड़ा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मार्च। मोहाली को एक पसंदीदा जीसीसी डेस्टिनेशन बनाने के लिए पंजाब के विजन, पॉलिसी फ्रेमवर्क और इकोसिस्टम को आकार देने के लिए जीसीसी लीडर्स के साथ रणनीतिक चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने जीसीसी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बताया कि इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) सेक्टर दुनिया भर में आर्थिक विकास, इनोवेशन और ज्ञान-आधारित विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम बन गया है। मोहाली टेक्नोलॉजी-आधारित निवेश के लिए तेजी से एक महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है, जिसे एक मजबूत टैलेंट पूल, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और एक प्रगतिशील पॉलिसी माहौल का समर्थन प्राप्त है, जो डिजिटल इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है।



## टेक्नोलॉजी समाधानों का समर्थन करेगा

आईटी सेक्टर की अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, पंजाब सरकार एक ऐसा जीवंत इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल सेवाओं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, फिनटेक, साइबर सुरक्षा और उभरते टेक्नोलॉजी समाधानों का समर्थन करता है। राज्य सरकार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी२), टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट हब और इनोवेशन-आधारित स्टार्टअप्स की स्थापना को भी प्रोत्साहित कर रही है, जो पंजाब के वैश्विक बाजारों की सेवा कर सकें।

**कंपनियों को आकर्षित कर रहा मोहाली...**मोहाली-चंडीगढ़ टेक्नोलॉजी कॉरिडोर पहले ही आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र बन चुका है, जो अग्रणी कंपनियों को आकर्षित कर रहा है और स्टार्टअप्स, अनुसंधान संस्थानों और पेशेवर टेक्नोलॉजी का एक गतिशील इकोसिस्टम तैयार कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान हर साल अत्यधिक कुशल ग्रेजुएट्स तैयार कर रहे हैं; पंजाब टेक्नोलॉजी-आधारित उद्योगों के लिए टैलेंट की एक मजबूत पाइपलाइन प्रदान करता है।

**औद्योगिक नीति एक प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन ढांचा प्रदान करेगी...**पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष सीमा बंसल ने बताया कि नई शुरू की गई औद्योगिक नीति एक प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहन ढांचा प्रदान करती है जो आईटी पार्कों, टेक्नोलॉजी कैंपस, अनुसंधान और विकास सुविधाओं तथा इनोवेशन केंद्रों में निवेश का समर्थन करता है। दिए जाने वाले प्रमुख प्रोत्साहनों में पूंजीगत सब्सिडी, रोजगार सृजन प्रोत्साहन, SGST की वापसी और इंफ्रास्ट्रक्चर सहायता शामिल हैं, जिससे कंपनियाँ अपने परिचालन को कुशलतापूर्वक बढ़ा सकेंगी। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पंजाब की रणनीतिक स्थिति, बेहतरीन कनेक्टिविटी और जीवन की गुणवत्ता इसे टेक्नोलॉजी पेशेवरों और वैश्विक कंपनियों, दोनों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बनाती है।

**निवेशकों की मुश्किलें हुई आसान...**उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने निवेश को सुगम बनाने के लिए एक लचीली प्रोत्साहन संरचना अपनाई है। अब निवेशक 10 से 15 वर्षों के बीच प्रोत्साहन वितरण की अवधि चुन सकते हैं। आईटी/आईटीएर इकाइयों और जीसीसी के लिए कुल प्रोत्साहन FCI (फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट) का 125% तक और डेटा केंद्रों के लिए FCI का 80% तक होगा। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन वार्षिक समान किस्तों में वितरित किए जाएंगे। कांफ्रेस में श्रेयशा जॉर्ज (मैनेजिंग डायरेक्टर और पार्टनर, BCG), शालिनी पिल्ले (इंडिया लीडर – जीसीसी, KPMG India), शिवराज पाल्टा (चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर, Everise), गौतम झा (लीड AI/ML पार्टनर स्पेशलिस्ट, अहर), अच्युत्य घोष (एग्जीक्यूटिव रिसर्च लीडर, HFS Research), डॉ. बिमल दीप सिंह (Infosys), दुष्यंत ठाकोर (डिप्टी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, WAIPA), कार्तिकेन कुलाथुमणि (वाइस प्रेसिडेंट, Innvest India) और संजीव पाहवा (Cotivआईटीi) जीसीसी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे।



Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# न्यू इनकम टैक्स एक्ट 2025 पर सेमिनार आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। ऋषि नगर स्थित आयकर भवन के मल्टीपर्पज हॉल में टैक्सेशन बार एसोसिएशन की ओर से न्यू इनकम टैक्स एक्ट 2025 विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में नए आयकर कानून से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए मनोज लांबा रहे। उन्होंने सत्र के दौरान सेक्शन 536 (रिपील एंड सेविंग प्रोविजन) तथा आयकर अधिनियम के अंतर्गत सर्च और




सीजर (तलाशी और जब्ती) से जुड़े नए प्रावधानों और उनके व्यावहारिक प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। टैक्सेशन बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट इंद्रसेन शर्मा ने कहा कि न्यू इनकम टैक्स एक्ट 2025 कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्रेसिडेंट इंद्रसेन शर्मा, एडवोकेट हरीश राय ढांडा, वाइस प्रेसिडेंट परमजीत सिंह, सेक्रेटरी सुरिंदर सहगल, जनरल सेक्रेटरी योगेश अरोड़ा, फाइनेंस सेक्रेटरी लविश ढींगरा, ज्वाइंट सेक्रेटरी गौरव शर्मा, एडवोकेट विवेक शर्मा, गगन कालरा, हरकमल सेठी, गुरप्रीत सिंह, सतीश अग्रवाल, मनीष कौरा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में पीएनबी लुधियाना ने निपटाए 71 एनपीए मामले, ₹2.26 करोड़ का सेटलमेंट



लुधियाना, यूटर्न, 14 मार्च। Punjab National Bank, लुधियाना द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से एनपीए खातों के निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 71 मामलों का सफलतापूर्वक समझौता (सेटलमेंट) किया गया, जिनकी कुल राशि लगभग ₹2 करोड़ 26 लाख रही।

इस अवसर पर बैंक के सर्कल हेड किशोर चिलाना ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक का मुख्य उद्देश्य एनपीए मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से ग्राहकों को आपसी सहमति से अपने बकाया मामलों का निपटारा करने का अच्छा अवसर मिलता है, जिससे लंबे समय से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है और बैंक की वसूली प्रक्रिया भी तेज होती है।

कार्यक्रम में बैंक के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इनमें चीफ मैनेजर जसविंदर सिंह, सीनियर मैनेजर दीपदान मीना, सीनियर मैनेजर रवि बसरा तथा एडवोकेट रोहित कुमार छाबड़ा भी उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी पंजाब नेशनल बैंक इस प्रकार के प्रयास जारी रखेगा, ताकि अधिक से अधिक एनपीए मामलों का निपटारा कर ग्राहकों और बैंक—दोनों को लाभ पहुंचाया जा सके।

# विधानसभा चुनाव 27: अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल

## अकाली दल के साथ गठबंधन पर स्थिति स्पष्ट

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के मोगा स्थित किल्ली चाहलां में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के अभियान का औपचारिक शंखनाद कर दिया है। शाह के इस संबोधन ने ना केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा है, बल्कि शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की अटकलों पर भी विराम लगाते हुए भाजपा की भविष्य की रणनीति स्पष्ट कर दी है।



### 'अब छोटे भाई नहीं, मुख्य भूमिका में आएगी भाजपा'

अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब भाजपा पंजाब में किसी की बैसाखी के सहारे नहीं चलेगी। उन्होंने कहा: अतीत में जब भी हम पंजाब की सत्ता में आए, हम 'छोटे भाई' की भूमिका में रहे। लेकिन अब समय बदल चुका है। 2027 में भाजपा 'छोटे भाई' के रूप में नहीं, बल्कि मुख्य दल के रूप में पंजाब की सत्ता में आएगी।

## नशा मुक्ति का संकल्प: 'दो साल में जड़ से खत्म करेंगे नशा'

पंजाब की सबसे बड़ी समस्या 'नशे' पर प्रहार करते हुए गृह मंत्री ने कांग्रेस और अकाली दल दोनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि इन दलों को जनता ने बार-बार मौके दिए, लेकिन ये नशे के कारोबार को रोकने में पूरी तरह विफल रहे।

**दावा:** शाह ने वादा किया कि यदि जनता भाजपा को आशीर्वाद देती है, तो मात्र दो साल के भीतर पंजाब से नशे के कारोबार को जड़ समेत उखाड़ फेंका जाएगा।

**अपील:** उन्होंने जनता से एक मौका मांगते हुए कहा कि जो काम पिछले दशकों में नहीं हुआ, वह मोदी सरकार और भाजपा करके दिखाएगी।

### 19 प्रतिशत वोट शेयर का गणित

अमित शाह ने चुनावी आंकड़ों के जरिए जीत का भरोसा दिलाया। उन्होंने तर्क दिया कि 24 के चुनावों में भाजपा को पंजाब में 19 प्रतिशत वोट मिले हैं।

इतिहास गवाह है कि असम, मणिपुर और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां भी भाजपा का ग्राफ 19 फीसदी तक पहुंचा, वहां अगली सरकार भाजपा की ही बनी। अब पंजाब की बारी है।

**चुनावी बिगुल:** 27 के चुनाव प्रचार की आधिकारिक शुरूआत।

**अकेले लड़ने के संकेत:** अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावनाओं को दरकिनार कर खुद को मुख्य शक्ति बताया।

**नया पंजाब:** नशे से मुक्त और विकासशील पंजाब का रोडमैप पेश किया।

# लायंस क्लब यूथ द्वारा आर.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित

## अमेरिका से पहुंचे डॉ. अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। समाज सेवा के उद्देश्य से लायंस क्लब यूथ की ओर से आर.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को रजिस्टर और स्टेशनरी वितरित की गई। इसके साथ ही बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दिए गए। कार्यक्रम में अमेरिका से विशेष रूप से पहुंचे प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अशोक गुप्ता ने मुख्य



अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और जीवन में मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अगुवाई लायंस क्लब के प्रधान राजिंदर जैन काका ने की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा व उत्साहवर्धन के लिए ऐसे सामाजिक कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में राजिंदर जैन काका द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सीमा रानी और प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी ने लायंस क्लब तथा विशेष रूप से राजिंदर जैन काका का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित होते हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट नवीन गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता (यूएसए), दविंदर जिंदल (कैशियर), साहिल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, कोमल बंसल, डॉ. हिमांशु अरोड़ा, नरेश वर्मा और मोहित जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



पेज 06 रेवाड़ी के लिए सौभाग्य का विषय : सोमनाथ मंदिर...

# साउथ सिटी रोड पर बनी अवैध इमारतों से ग्लाडा की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

## 15 साल पहले 20 तो अब 47 अवैध इमारतें आखिर कैसे बनी, राजनेताओं ने कार्रवाई के नाम पर ऐंठे वोट, लेकिन हर सरकार में बढ़े अवैध कब्जे

लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। साउथ सिटी रोड पर धड़ल्ले से बनी 47 इललीगल इमारतों में से 40 को ग्लाडा द्वारा नोटिस जारी करने के बाद यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में कई और बिल्डिंग मालिक भी कोर्ट पहुंच गए। जिसमें कुछ को स्टे मिल चुका है। वहीं अब ग्लाडा की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ चुकी है।

चर्चा है कि ग्लाडा द्वारा क्या सच में कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किए थे या फिर बिल्डिंग मालिकों को अलर्ट करके स्टे लेने के लिए नोटिस जारी हुए थे। हालांकि ग्लाडा द्वारा सभी बिल्डिंग मालिकों को एक हफ्ते में इमारत खाली करने का आदेश दिया था। जिसके बाद उन पर पीला पंजा चलना है। अब एक हफ्ता पूरा होने वाला है, देखना होगा कि क्या ग्लाडा स्टे न लेने वाली इमारतों को गिराया या नहीं। वहीं शहर में चर्चा है कि करीब 15 साल पहले साउथ सिटी रोड पर करीब 20 अवैध इमारतें बनी थी। लेकिन अब 47 हो चुकी हैं। अगर ग्लाडा इतना ही सख्त है, तो यह अवैध निर्माण कैसे हो रहे हैं। जिससे साफ जाहिर है कि ग्लाडा अधिकारियों द्वारा खुद ही मिलीभगत करके निर्माण करवाए जाते हैं और फिर खानापूर्ति करने और सरकार को दिखाने के लिए नोटिस निकाल दिए जाते हैं। बिल्डिंग मालिक स्टे ले लेते है और कुल मिलाकर अवैध कब्जे जारी है। जिससे शहर का नक्शा खराब हो रहा है।






### अकेले कारोबारी कसूरवार नहीं, क्या अफसरों पर भी होगा एक्शन

वहीं चर्चा है कि अगर कारोबारियों ने इमारतें बनाई हैं, तो अकेले कसूरवार वे भी नहीं है। बल्कि जिन अफसरों ने कार्रवाई नहीं की, वे भी उतने ही दोषी है। कई इमारतें तो पहले सीए व एसीए रहे अधिकारियों के कार्यकाल में बनी है। लेकिन कई इमारतें तो अभी कुछ महीने पहले बनी और कई अब बन रही है। ऐसे में अब देखना होगा कि क्या सरकार द्वारा पूर्व और मौजूदा कसूरवार अधिकारियों पर एक्शन लिया जाएगा या नहीं। क्योंकि अगर अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, तभी एक मिसाल कायम हो सकेगी। जिसके बाद आगे से ऐसे अवैध कार्यों को बढ़ावा देने से पहले अधिकारी सोचेगें।

### हर लीडर ने भुनाया मुद्दा, नहीं किया हल

वहीं पिछले 15-20 साल के दौरान जब भी विधानसभा चुनाव नजदीक आए तो हर पार्टी के राजनेताओं द्वारा साउथ सिटी रोड पर वोट मांगने के दौरान इन अवैध कब्जों पर एक्शन लेने का आश्वासन लोगों को किया। लेकिन किसी भी राजनेता ने एक्शन नहीं लिया। बल्कि उल्ट हर सरकार के कार्यकाल के दौरान अवैध कब्जे बढ़ते चले गए।

### जानबूझकर बीच में छोड़ दिया जाता है मुद्दा

शहर में चर्चा है कि कुछ महीनों बाद राजनेताओं और कभी ग्लाडा द्वारा इस मुद्दे को उठाया जाता है। कार्रवाई संबंधी बड़े बड़े नोटिस निकाले जाते हैं। लेकिन हर बार बीच में ही मुद्दे को छोड़ दिया जाता है। मिक्सलैंड यूज एरिया की तरह यह मुद्दा भी कभी हल नहीं हो सका और न ही इसका कोई पक्का हल निकाला गया। चर्चा है कि हर बार अधिकारी और राजनेता इस मुद्दे को छेड़ते हैं। जिसके बाद बिल्डिंग मालिक उनके पास पहुंच जाते है और फिर मामला शांत कर दिया जाता है।

### पहले भी कार्रवाई के दावे किए, अभी तक कार्रवाई नहीं

बता दें कि ग्लाडा द्वारा कुछ महीने पहले उक्त मामले में कार्रवाई करने के दावे किए थे। जिसके बाद सात बिल्डिंग मालिक कोर्ट पहुंच गए और स्टे ले लिया। बाकी की 40 इमारतें वैसे ही चल रही थी। मगर ग्लाडा ने कई महीने एक्शन नहीं लिया। ग्लाडा चाहता तो उस समय जिन इमारतों को स्टे नहीं मिला था, उन्हें गिरा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अब ग्लाडा द्वारा जानबूझकर फिर से मामला छेड़ा गया और फिर कुछ मालिक स्टे ले आए। चर्चा है कि ग्लाडा के कुछ अधिकारियों द्वारा अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में बहाने से मामला छेड़ा जाता है। इसी तरह करके ग्लाडा एक-एक कर सभी को स्टे दिलवा देगा, ताकि किसी पर कार्रवाई न करनी पड़े।

## मोहाली-चंडीगढ़ बेल्ट: उत्तरी भारत में टेक सेंटर का भविष्य

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मार्च। पंजाब भारत के टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में खुद को एक मजबूत दावेदार के तौर पर पेश कर रहा है, और चंडीगढ़ में हुई ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की राउंडटेबल चर्चा इसी दिशा में एक सोची-समझी नीतिगत पहल को दर्शाती है। पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा और पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष सीमा बंसल की अगुवाई में हुई यह चर्चा, राज्य के उस प्रयास का संकेत है जिसके तहत वह ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी२) और टेक्नोलॉजी-आधारित निवेश को आकर्षित करने के लिए एक व्यवस्थित इकोसिस्टम तैयार करना चाहता है। इस रणनीति के केंद्र में मोहाली को एक टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदलना है। पिछले एक दशक में, मोहाली-चंडीगढ़ बेल्ट धीरे-धीरे आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं



(आईटीज) का एक मुख्य केंद्र बन गया है। इसे शैक्षणिक संस्थानों से निकटता, बड़े महानगरों की तुलना में कम परिचालन लागत और बेहतर होते बुनियादी ढांचे का लाभ मिला है। मोहाली को जीसीसी के लिए एक पसंदीदा जगह के तौर पर पेश करके, पंजाब सरकार एक ऐसे वैश्विक कॉर्पोरेट चलन का लाभ उठाना चाह

## जालंधर के गांव सरंगवाली के गुरविंदर सिंह का न्यूजीलैंड पुलिस में कांस्टेबल भर्ती

दलजीत अज्नोहा



होशियारपुर/यूटर्न, 14 मार्च। पंजाब के जिला जालंधर के गांव सरंगवाली के गुरविंदर सिंह का न्यूजीलैंड पुलिस में कांस्टेबल भर्ती हो गया गुरविंदर सिंह 2016 में स्टूडेंट वीजा पर न्यूजीलैंड गया था। जिससे उनके परिवार सहित इलाके में खुशी का माहौल है।

जिला जालंधर के गांव सरंगवाली के गुरविंदर सिंह 2016 में स्टूडेंट वीजा पर न्यूजीलैंड गया था और वहां पर पढ़ाई पूरी करने के बाद 2023 में न्यूजीलैंड की रेजीडेंसी मिल गई। जिसके बाद लगातार कड़ी मिहनत करते हुए न्यूजीलैंड पुलिस का टेस्ट दिया और उसमें सफलता प्राप्त करते हुए पुलिस कांस्टेबल बने। गुरविंदर सिंह के पिता वरिंदरजीत सिंह धनोया और माता अमरजीत कौर धनोया ने बेटे के न्यूजीलैंड पुलिस में चयन होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि गुरविंदर सिंह का सफर चुनौतियाँ पूर्ण रहा। लेकिन कड़ी मिहनत और सम्पर्ण के चलते पुलिस में उसका चयन हुआ।

# फरीदाबाद प्लॉट विवादः राइट टू सर्विस कमीशन ने आवेदकों को मुआवजा देने का दिया आदेश



File Photo

हरियाणा/यूटर्न/ 14मार्च। हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने फरीदाबाद की भावना गुप्ता और अमनदीप से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि संबंधित भूमि पर वर्ष 2009 से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत स्थगन (स्टे) लागू है। इसके बावजूद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी ) द्वारा 18 जनवरी, 2023 और 22 मार्च, 2023 को उक्त प्लॉट्स की नीलामी कर दी गई। आयोग ने इस स्थिति को गंभीर मानते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ धोखाधड़ी से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों के अंतर्गत भी आ सकता है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि यदि किसी निजी कॉलोनाइजर द्वारा बिना वैध स्वामित्व के प्लॉट बेचा जाता, तो उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाती। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि इस मामले के तथ्य संजीव वर्मा और हिमांशु शर्मा से संबंधित पूर्व मामलों के समान हैं, जिनका निपटारा आयोग द्वारा 19 फरवरी, 2026 को किया जा चुका है। इसी आधार पर आयोग ने वर्तमान संशोधन याचिकाओं का निपटारा करते हुए हरियाणा राइट टू सर्विस एक्ट की धारा 17(1)(ह) के तहत दोनों रिवीजनिस्ट्स को 5,000-5,000 रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने एचएसवीपी को आदेश दिया है कि यह राशि 15 दिनों के भीतर अदा की जाए और 30 मार्च, 2026 तक इसकी अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि एचएसवीपी प्रारंभ में यह राशि अपने फंड से दे सकता है, जिसे बाद में जांच के बाद दोषी अधिकारियों से वसूल किया जा सकता है। साथ ही आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदक यदि चाहें तो मानसिक पीड़ा, आर्थिक नुकसान और अन्य परेशानियों के लिए अधिक मुआवजे की मांग हेतु उपभोक्ता फोरम, माननीय उच्च न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकरण का रुख कर सकते हैं। आयोग ने कहा कि चूंकि मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए वर्तमान परिस्थितियों में प्लॉट का कब्जा सुनिश्चित कराना संभव नहीं है। आयोग ने उम्मीद जताई कि एचएसवीपी इस मामले को कानूनी रूप से उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए प्रयास जारी रखेगा।

# मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय पीएम किसान उत्सव दिवस में मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत



हरियाणा/यूटर्न/ 14मार्च। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के तहत देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें हरियाणा के 15 लाख 86 हजार किसानों के खातों में 328 करोड़ रुपए की राशि डाली गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के पीडब्लयूडी विश्राम गृह में आयोजित राज्यस्तरीय पीएम किसान उत्सव दिवस में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और आनलाईन माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा। इस अवसर पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 22वीं किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता देश के किसानों को दिए गए भरोसे का प्रमाण है। यह उस संकल्प की पुनः पुष्टि है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमारे अन्नदाता के कल्याण के लिए लिया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का केंद्र बिंदु है। प्रधानमंत्री ने पिछले एक दशक में किसानों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के तहत हरियाणा के 15 लाख 86 हजार किसानों के बैंक खातों में 328 करोड़ रुपए पंहुचाने का काम किया है। इसे मिलाकर किसानों को 22 किस्तों में कुल 7 हजार 562 करोड़ रुपए की राशि जारी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों को सम्मान निधि देने के साथ साथ खाद पर भी सब्सिडी उपलब्ध करवा रहे है। उन्होंने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हो, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर से जोड़ने का काम हो, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी निरंतर किसानों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

## स्वामी रामदेव ने कहाः टीवी-फेसबुक में समय बर्बाद न करें, योग को अपनाएं


File Photo

हरियाणा/यूटर्न/ 14मार्च। करनाल पहुँचे योग गुरु स्वामी रामदेव. महिला सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत. बाबा रामदेव ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा हमको भी वर्ल्ड से अपडेट रहना पड़ता है.दुनिया की राजनीति में क्या चल रहा है.बाबा रामदेव ने कहा सारी दुनिया में अलग-अलग घटनाएं घट रही है. कही ट्रंप पटाखे फोक रहा है. कही खामनेई फोक रहा है.कही पुतिन फोक रहा है.और जिस दिन उत्तर कोरिया किम जॉन जागृत हो जाएगा उस दिन पूरी दुनिया में पता नहीं क्या होगा. रामदेव ने कहा ये सब कुछ बेवकूफियां चल रही है। बाबा रामदेव ने कहा मैं अपना समय अखबार पढ़ने में बर्बाद नहीं करता.टीवी भी देखने में अपना समय बर्बाद नहीं करता.उन्होंने कहा मुझे टीवी और फेसबुक पर करोड़ो लोग देखते हैं.उन्होंने कहा मुझे करोड़ो लोग देखते है. लेकिन मैं फेसबुक इंस्टा नही देखता.उन्होंने महिला सम्मेलन में पहुँचे लोगो से कहा आपने आप और अपने बच्चो को इससे बचना है. उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक योग करने की अपील की।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की माताजी के निधन पर जताया शोक



हरियाणा/यूटर्न/ 14मार्च।हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण की माताजी, श्रीमती प्रेम कौर कल्याण के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती प्रेम कौर कल्याण के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने दिवंगत माताजी की पुण्य स्मृति को सादर नमन करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# भू-मित्र व्हाट्सऐप चैटबॉट लॉन्च, भूमि व राजस्व सेवाएँ होंगी 247 उपलब्ध




हरियाणा/यूटर्न/ 14 मार्च। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 'भू-मित्र' नामक व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट लॉन्च किया है। यह नागरिकों को भूमि और राजस्व से जुड़ी सेवाओं के लिए 247 मदद उपलब्ध कराएगा। चैटबॉट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कार्य करेगा और सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने का उद्देश्य रखता है। वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि भू-मित्र एक स्मार्ट, संवादात्मक चैटबॉट है, जिसे सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से इस्तेमाल किया जा सकता है। अब नागरिक कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना अपने स्मार्टफोन पर कुछ ही क्लिक में जमाबंदी, इंतकाल (म्यूटेशन), मुआवजा पंजीकरण और डीड रजिस्ट्रेशन जैसी सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, डीड टोकन जनरेशन, भूमि सीमांकन के लिए आवेदन, शिकायत दर्ज करना और उसकी रियल-टाइम ट्रैकिंग जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। नागरिक व्हाट्सऐप नंबर 95933 00009 सेव करके इसका लाभ उठा सकते हैं।डॉ. मिश्रा ने बताया कि अगले सप्ताह से डीड रजिस्ट्रेशन से जुड़े एसएमएस भी भू-मित्र के माध्यम से भेजे जाएंगे। आने वाले हफ्तों में और सेवाएँ जोड़ी जाएंगी, जिससे डिजिटल शासन मजबूत होगा और नागरिकों को अधिक सुविधाएँ मिलेंगी। यह पहल हरियाणा में पारदर्शी और तकनीक आधारित प्रशासन को बढ़ावा देने का हिस्सा है।



पेज 12 अगर श्री गुरु तेग बहादुर जी न होते तो आज हिंदू न होते...

## कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने पंजाब में रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मजबूत संपर्क और तकनीकी इकोसिस्टम को रेखांकित किया

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मार्च। गतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन (पीपीआईएस) - 2026 के दूसरे दिन एयरोस्पेस और रक्षा विषय पर आयोजित सत्र के दौरान देश के रक्षा ढांचे को मजबूत बनाने और इसमें पंजाब की संभावित भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। पंजाब के पक्ष को मजबूती से रखते हुए संसदीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंजाब के पास एक उत्कृष्ट इकोसिस्टम है जो देश के रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पूरी तरह सक्षम है। कैबिनेट मंत्री ने टर्बाइन बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (टी.बी.आर.एल.) और लुधियाना स्थित सेंट्रल टूल रूम के अतिरिक्त राज्य में मौजूद 6 हवाई अड्डों का उल्लेख करते हुए इन्हें बेहतरीन तकनीकी और संपर्क सुविधाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने हाल ही में रक्षा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए एक रक्षा सम्मेलन भी आयोजित किया था। भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ ने रक्षा क्षेत्र में प्रमुख क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। औद्योगिक क्षेत्र की तर्ज पर रक्षा क्षेत्र में सेक्टोरल कमेटियां गठित करने की वकालत करते हुए जे.एस.डब्ल्यू. सरबलोह मोटर्स के सीईओ जसकीरत व्लादिमीर सिंह ने रक्षा निर्माण में एमएसएमई को शामिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया। इनवेस्ट पंजाब के सीईओ श्री अमित ढाका ने पंजाब के मजबूत विनिर्माण आधार का उल्लेख करते हुए व्यापार करने में आसानी पर बल दिया और बताया कि राज्य में 45 दिनों के भीतर सभी आवश्यक अनुमतियां प्रदान कर दी जाती हैं।



## रूस-यूक्रेन संघर्ष में लुधियाना के युवक समरजीत की मौत, पढ़ाई के लिए गया था

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मार्च। लुधियाना का एक 21 साल का युवक, जिसे रूस के लिए लड़ने के लिए धोखे से भेजा गया था, घर वापस आया, लेकिन एक ताबूत में। समरजीत सिंह, जैसा कि उसके परिवार का कहना है, डॉक्टर बनने के लिए रूस गया था, लेकिन वह युद्ध के मोर्चे पर पहुँच गया। परिवार के अनुसार, समरजीत को इस बहाने से रूसी सेना में शामिल कराया गया कि वह डॉक्टरों की एक टीम की मदद करेगा। हालाँकि, उसे रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया, जहाँ एक हमले में उसकी मौत हो गई।



### परिवार पर गिरा दुखों का पहाड़

अपने बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इससे भी ज्यादा दुखद बात यह है कि पिछले कुछ महीनों से परिवार इस दुविधा में था कि उनका बेटा ज़िंदा है या मर चुका है। 11 मार्च को, उन्हें रूस से एक कॉल आया कि समरजीत रूसी सेना के लिए लड़ते हुए युद्ध में मारा गया है। बिलखते हुए पिता चरणजीत सिंह ने बताया कि उनका बेटा एक्स-रे टेक्नीशियन का डिप्लोमा करने के बाद, जुलाई 2025 में आगे की पढ़ाई के लिए रूस गया था।

### पिता नहीं भेजना चाहते थे बेटे को विदेश

₹मैं नहीं चाहता था कि मेरा बेटा आगे की पढ़ाई के लिए रूस जाए, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। मेरे बेटे को पता था कि भारत में उसकी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए मेरे पास सीमित पैसे हैं, इसलिए उसने विदेश जाने का फैसला किया। जाने से पहले, समरजीत ने मुझसे वादा किया था कि डॉक्टर बनने के बाद वह भारत लौट आएगा, लेकिन मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मेरा बेटा घर एक ताबूत में लौटेगा,₹ मृतक के पिता ने कहा, जो एक छोटी सी किराने की दुकान चलाते हैं। सिंह ने बताया कि दो महीने के अंदर ही, उनके बेटे को रूसी सेना में शामिल करा दिया गया। उसे यह बहाना दिया गया कि इससे उसके पेशेवर अनुभव में भी बढ़ोतरी होगी, और उसे युद्ध के मोर्चे पर नहीं भेजा जाएगा, बल्कि वह सेना में डॉक्टरों की सिर्फ.मदद करेगा।

### सितंबर 2025 को हुई आखिरी बात

सिंह ने बताया कि समरजीत ने 9 सितंबर 2025 को परिवार को आखिरी कॉल किया था, लेकिन वीडियो कॉल साफ नहीं था; ऐसा लग रहा था कि उसने शायद युद्ध के मोर्चे से कॉल किया था। तब से, समरजीत ने भारत में अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं किया है। ₹हमने अपने बच्चे को ढूंढने में मदद के लिए राज्य और केंद्र की सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की थी, लेकिन किसी ने हमारी मदद नहीं की। 11 मार्च को ही हमें रूस से एक कॉल आया कि समरजीत की रूस में सेना के लिए लड़ते हुए मौत हो गई है, और हमें उसका शव दिल्ली एयरपोर्ट से लेना है,₹ सिंह ने आगे कहा।

### टुकड़ों में मिला शव

उन्होंने आगे दावा किया कि समरजीत का शव ताबूत में टुकड़ों में मिला, जिसके साथ सेना की वर्दी भी थी, जिस पर उनके बेटे का नाम लिखा हुआ था। चूंकि समरजीत के मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की तारीख 10 सितंबर लिखी है, इसका मतलब है कि परिवार को आखिरी कॉल करने के ठीक एक दिन बाद ही उनकी मौत हो गई थी।

## निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर पर भ्रष्टाचार का केस चलेगा, सीबीआई कोर्ट ने लिया संज्ञान

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 मार्च। पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सीबीआई की विशेष अदालत ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में संज्ञान लेते हुए मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर को भुल्लर और उनके कथित बिचौलिए कृष्णु शारदा को 8 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच के बाद एजेंसी ने दोनों के खिलाफ अदालत में केस चलाने की प्रक्रिया शुरू की।






दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एक्ट की धारा 7 और 12 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, चूंकि हरचरण सिंह भुल्लर एक आईपीएस अधिकारी हैं, इसलिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति जरूरी थी। पिछले महीने गृह मंत्रालय से इस संबंध में मंजूरी मिलने के बाद सीबीआई ने अदालत में आगे की कार्रवाई की।

गिरफ्तारी के बाद से भुल्लर और कृष्णु शारदा दोनों ही न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। अब 16 मार्च को होने वाली सुनवाई में मामले की अगली कानूनी प्रक्रिया पर फैसला हो सकता है।

## 2 किलो अफीम सहित तस्कर को किया गिरफ्तार, स्कार्पियो गाड़ी जब्त

-चरनजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सीआईए (CIA) स्टाफ के सब-इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ मलक चौक, जगरांव में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नवजोत सिंह उर्फ विक्की (निवासी गांव जोधां) बाहरी राज्यों से सस्ते दाम पर अफीम लाकर इलाके में महंगे दाम पर बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति को सफेद रंग की स्कार्पियो-एन सहित काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत से उसका 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।



Happy Anniversary



अश्वनी कुमार दसौड़ व प्रवेश रानी

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## ताकि हमारे मन को खुली हवा में जीना आ जाए।

संसार में श्रेष्ठ स्थितियों को वो ही लोग पा सकते हैं जिन्होंने जीवन में हर कठिन परिस्थिति का सामना सब्र और होंसले से किया हो। ये वो लोग होते हैं जो परिस्थितियों के थपेड़ों के आगे अपना शीश झुकाकर किसी तरह की हार स्वीकार नहीं करते और हर कठिनाई का सामना करते हुए बस चलते जाते हैं। इन लोगों को रूकना मंजूर नहीं होता। इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि इनकी चाल धीमी है या तेज वो अपने कदम अपनी मंजिल की तरफ चलाते ही जाते हैं। इनका संकल्प इतना मजबूत हो जाता है कि हार को भी एक न एक दिन इनके आगे हार स्वीकार करनी पड़ती है। उनके इस पक्के इरादे का सबसे बड़ा कारण यह होता है कि वे जिन्दगी का सबसे बड़ा फलसफा समझ जाते हैं कि जीवन में कुछ भी हासिल करने के लिए संघर्ष तो करना ही पड़ेगा। बिना संघर्ष किए अपनी मंजिल को प्राप्त करना तो किस्मत की बात है। नहीं तो जीवन यानि ₹संघर्ष₹ सदा मानसिक अशांति ही देता रहता है। संघर्ष भी सदा सुखदायी ही होना चाहिए। छोटी छोटी बातों पर अपना मन विचलित करके अपने मन को बेकार के भयों से डराते रहने वाले कभी इन संघर्षों में पूर्ण रूप से कामयाब नहीं हो पाते। उनके मन में सदा संशय की भावना बनी रहती है। ऐसे लोगों के मन का डर उन्हें सदा तरक्की करने और जीवन का आनंद लेने से रोकता रहता है और इसके विपरीत जो लोग हर आपदा में भी अवसर ढूँढते हैं ये वे लोग होते हैं जो यह भली भांति समझ जाते हैं कि भय एक काल्पनिक भावना है। जो होना है सो तो होना ही है यानि जो होना है वो पहले से ही तय है तो फिर अपने मन में बेबुनियादी डर बैठाकर अपने जीवन को रसहीन बनाने से अधिक कुछ भी प्राप्त नहीं होता। छोटा सा जीवन है इसे आजादी के पंख दे दो ताकि इसे खुली हवा में जीना आए और यह हर संघर्ष को खुशी खुशी झेल पाए।

# रेवाड़ी के लिए सौभाग्य का विषय : सोमनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग अवशेष दर्शनार्थ के लिए रेवाड़ी पहुंचे, पंजाबी भवन में आर्ट ऑफ लिविंग एवं पंजाबी समाज की ओर से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरियाणा/यूटर्न/ 14 मार्च। रेवाड़ी शहर में लगभग एक हजार वर्षों से सुरक्षित रखे गए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पवित्र अवशेष बीती सांय रेवाड़ी में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु लाए गए। पंजाबी समाज एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त सहयोग से शुक्रवार 13 मार्च की सायंकाल को पंजाबी भवन में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पवित्र अवशेषों के दर्शन किए। पंजाबी समाज के प्रधान सचिन मलिक एवं प्रवक्ता नवीन अदलखा तथा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रधान ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि रेवाड़ी के लिए सौभाग्य की बात है कि श्रीश्री रविशंकर जी के सानिध्य में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर




से सोमनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग के अवशेषों को भारत भ्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1000 साल पहले महमूद गजनवी द्वारा 1025-26 ईस्वी में खंडित किए गए सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के मूल अवशेष (विग्रह) सामने आए हैं, जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से देश भर में 'भारत भ्रमण' के लिए प्रदर्शित किया जा रहा है। तमिलनाडु के अग्नहोत्री ब्राह्मणों द्वारा गुप्त रूप से संरक्षित इन अवशेषों को चमत्कारी चुंबकीय गुणों वाला बताया जा रहा है। इस मौके पर रुद्र पूजा का आयोजन किया गया तथा भंडारा एवं प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रुद्र पूजा संपन्न करवाई गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। ताकि सभी भक्त इस पावन अवसर का लाभ उठा सकें। पंजाबी समाज के प्रधान सचिन मलिक ने बताया कि समाज को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि इतने पवित्र और ऐतिहासिक अवशेषों के दर्शन का अवसर आयोजित किया जा रहा है। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से ब्रह्म प्रकाश भारद्वाज और नरेश कालड़ा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता, सकारात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह पवित्र अवशेष देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा के दौरान रुद्र पूजा और आध्यात्मिक सभाओं के साथ भक्तों को दर्शन के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Benami Property क्या होती है और इसके कानूनी परिणाम क्या हैं?**

कभी-कभी संपत्ति किसी व्यक्ति के नाम पर होती है, लेकिन उसका वास्तविक मालिक कोई और होता है। ऐसी स्थिति को सामान्यतः Benami Property कहा जाता है। सरल शब्दों में, जब संपत्ति का नाम एक व्यक्ति के पास हो और भुगतान किसी दूसरे ने किया हो, तो वह लेन-देन संदेह के दायरे में आ सकता है।

भारत में Benami लेन-देन को नियंत्रित करने के लिए विशेष कानून बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संपत्ति का वास्तविक स्वामित्व छिपाया न जाए और अवैध धन को संपत्ति में न बदला जाए।

Benami Property के मामलों में यदि यह साबित हो जाए कि संपत्ति केवल नाम के लिए किसी और के नाम पर ली गई थी, तो सरकार उस संपत्ति को जब्त (confiscate) कर सकती है। इसके साथ आर्थिक दंड और आपराधिक कार्रवाई भी संभव है।

हालाँकि हर मामला ईील्लें नहीं माना जाता। परिवार के कुछ संबंधों—जैसे पति-पत्नी या माता-पिता और बच्चों के बीच—कुछ परिस्थितियों में संपत्ति खरीदना अलग तरीके से देखा जाता है, यदि भुगतान वैध स्त्रोत से हुआ हो और वास्तविक उद्देश्य छिपाने का न हो।

अक्सर लोग कर बचाने, विवाद से बचने या अन्य कारणों से संपत्ति किसी रिश्तेदार या परिचित के नाम पर खरीद लेते हैं। लेकिन ऐसा करना गंभीर कानूनी जोखिम पैदा कर सकता है।

निष्कर्ष : Benami Property का उद्देश्य स्वामित्व छिपाना होता है, और कानून इसे गंभीरता से देखता है। पारदर्शी और वैधानिक तरीके से संपत्ति खरीदना ही भविष्य के कानूनी जोखिमों से बचने का सुरक्षित मार्ग है।

# एवीजीसी-एक्सआर एंड एआई समिट 2026: पंजाब में क्रिएटिव इकोनॉमी को नई दिशा

लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। पंजाब में क्रिएटिव इंडस्ट्री को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एवीजीसी-एक्सआर एंड एआई समिट 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह समिट पंजाब एवीजीसी-एक्सआर मीडिया एंड एंटरटेनमेंट एसोसिएशन और मैक लुधियाना व जालंधर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन भारत की तेजी से बढ़ती क्रिएटिव इकॉनमी का एक अहम हिस्सा बनकर उभरा, जिसमें एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, कॉमिक्स एक्सआर और आर्टिशियल इंटेलीजेंस जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिट का मुख्य उद्देश्य पंजाब के युवाओं और छात्रों को भविष्य की क्रिएटिव इंडस्ट्री



से जोड़ना और उन्हें वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करना था। इस मौके मेयर लुधियाना प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, भाजपा नेता राशि अग्रवाल, पार्षद नंदिनी जैरथ, मनु जैरथ, फिक्की फ्लो चेयरपर्सन श्वेता जिंदल, कीर्ति ग्रोवर, डॉ गगनदीप कौर और आईडीपी तान्या मुटरेजा और हैंजीनिग्मा आदि ने गेस्ट के रूप में शिरकत की। नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए लोकप्रिय कांटेंट क्रिएटर्स जैसे बलदीप झंडू, जीनत, प्रियांशु डोगरा, जोमेडी, रवलीन और कार्तिक वाधवा ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि डिजिटल क्रिएशन आज एक बड़ा करियर विकल्प बन चुका है। समिट को सफल बनाने में कई प्रतिष्ठित संस्थानों और संगठनों का सहयोग रहा। जिनमें आईडीपी, चित्कारा यूनिवर्सिटी, फिक्की फ्लो, आईकाईगई एआई, एक नूर आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य - संचित मल्होत्रा

लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक दिवस (महावीर जयंती) के उपलक्ष्य में न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ तथा मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल के संयुक्त प्रयास से 31 मार्च को सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में क्लब के सदस्यों द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बैठकें कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी



कड़ी में क्लब की ओर से सरदार नगर स्थित समाजसेवी संचित मल्होत्रा के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। संचित मल्होत्रा ने रक्तदान कैंप का निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे आयोजनों से जरूरतमंद मरीजों को नई जिंदगी मिलती है। क्लब के प्रधान राजेश जैन बॉबी ने बताया कि महावीर जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाला यह रक्तदान कैंप जरूरतमंद मरीजों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

## लुधियाना में मनी ट्रांसफर दुकान पर लूट का प्रयासः पिस्टल दिखाकर कैश निकालने को कहा; विरोध पर तोड़फोड़ की, दुकानदार ने तलवार से खदेड़ा



पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। लुधियाना में थाना डिवीजन नंबर-2 क्षेत्र में एक मनी ट्रांसफर की दुकान पर बाइक सवार बदमाशों ने लूट करने की कोशिश की। हालांकि दुकानदार के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी तोड़फोड़ करके मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार घटना गणेश नगर रोड पर तिवारी मनी ट्रांसफर की दुकान पर हुई। बाइक पर सवार दो बदमाश दुकान में घुस आए और पिस्टल के बल पर दुकान मालिक को गल्ले से कैश निकालकर देने को कहा। इस दौरान दुकानदार के केबिन के बाहर बैठे एक व्यक्ति को बदमाशों ने रॉड दिखाकर भगा दिया। इसके बाद बदमाश लगातार दुकानदार को हथियार के बल पर धमकाते रहे। दुकान मालिक विनय तिवारी ने बताया कि वह पिछले करीब 3 साल से यहां दुकान चला रहे हैं। जब बदमाशों ने उनसे कैश निकालने को कहा तो उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए दुकान में रखी तलवार निकाल ली और आरोपियों को भगाने की कोशिश की। तलवार देखकर घबराए बदमाशों ने दुकान के केबिन के बाहर लगे शीशे पर वार कर दिया और वहां तोड़फोड़ कर दी। करीब 3 से 5 मिनट तक बदमाश दुकान के अंदर हंगामा करते रहे। दुकानदार के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इलाके के लोगों के अनुसार दोनों बदमाश स्प्लेंडर बाइक पर आए थे, जबकि उनका एक साथी लिंक रोड के पास खड़ा होकर रेकी कर रहा था। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। दुकानदार ने तुरंत 112 कंट्रोल रूम पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस और चौकी जनक पुरी के इंचार्ज धर्मेंद्र मौके पर पहुंच गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

## बुड्ढे दरियां में साफ पानी उपलब्ध करवाने का सपना साकार करना ही मकसद - विधायक बग्गा





लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। विधानसभा उतरी स्थित रेलवे लाइन के समीप से गुजरते बुड्ढे नाले में गिरते पानी को साफ करने के लिए नए डिस्पोजल के कार्य का शुभारंभ विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने किया। रेलवे लाइन को जोड़ने वाले मोहल्ला पीरु बंदा व न्यू कुंदन पुरी के दोनो तरफ डिस्पोजल का निर्माण होने से सीवरेज का पानी साफ होकर बुड्ढे दरियां में गिरेगा।

डिस्पोजल के निर्माण पर अनुमानित 28 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं दूसरी तरफ वार्ड 92 स्थित अमन विहार वाटर सप्लाई और वार्ड-67 के रघुबीर पार्क में वाटर सप्लाई की नई पाइप लाइने बिछाने के कार्य का शुभारंभ भी किया। वाटर सप्लाई के आल ओवर प्रौजैक्ट पर करीब 74 लाख की लागत आएगी। इसके साथ-साथ 67 दुगार्पुरी में सडकों के निर्माण कार्य भी शुरू करवाया। इस अवसर पर एसडीओ अंशुल गरचा, जेई गुरदीप सिंह, सीएसआई बंटी डोगरा, पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट, पार्षद बिट्टू भारद्वाज, पार्षद शरणजीत कौर बाजवा, सतविन्द्र सिंह बाजवा, गुरवीर गौलू बाजवा, सन्नी भनोट, रमेश शुक्ला, वरिन्द्र चोपड़ा, संजीव थापर, विजय भनोट, मिंटा पसरीजा, शशी शर्मा, कमल बातिश, पिंकी बंगा,दीपक पंडित, अनिरुद्ध शाही, दीपक धीर, चीमा जी, मनमोहन सिंह, उपदेश बाजवा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## मां शारदा विद्यापीठ दौलत कॉलोनी में 543 विद्यार्थियों का रिजल्ट घोषित, मेधावी छात्रों को सम्मान



लुधियाना, यूटर्न, 14 मार्च। सामाजिक संस्था Noble Foundation द्वारा संचालित मां शारदा विद्यापीठ की दौलत कॉलोनी शाखा में वार्षिक परिणाम घोषणा समारोह का आयोजन किया गया। संस्था देशभर में करीब 30 स्कूल चलाकर आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और व्यक्तित्व विकास की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में इस शाखा के कुल 543 विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट सुनने के लिए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। समारोह की अध्यक्षता अश्विनी गर्ग (चेयरमैन, Maharaja Agrasen Sewa Sangh) ने की, जबकि मुख्य अतिथि राज कुमार जलहोत्रा (पीपीएस कमांडेंट, थर्ड बटालियन, पंजाब) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेधावी विद्यार्थियों में नैना, अमिताश, साक्षी, कोमल कुमारी, प्रिंस, परी और दीपिका को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, जबकि कई अन्य छात्रों को सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार मानसी और दीपिका को मिला। इसके अलावा बेस्ट फादर और बेस्ट मदर के रूप में उमेश और सीता देवी को सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक राजेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जब व्यक्ति अपने भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

## लुधियाना में महिला ट्रेवल एजेंट पर FIR:3 छात्रों को विदेश भेजने के नाम पर ठगे 20 लाख




पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। लुधियाना के मल्हार रोड स्थित होटल बलासे और पक्खोवाल रोड पर इमिग्रेशन दफ्तर चलाने वाली एक महिला एजेंट द्वारा लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस ने राजस्थान के एक युवक की शिकायत पर जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। राजस्थान के श्री गंगानगर के विनोबा बस्ती में रहने वाले शोनिक कुक्कड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खुद भी इमिग्रेशन के काम से जुड़ा है। उसने लुधियाना की आरके ट्रेवलर्स एंड इमिग्रेशन की मालकिन गुरविंदर कौर उर्फ गगन सरां से संपर्क किया था। शोनिक ने 3 छात्रों को विदेश भेजने के लिए गुरविंदर कौर से डील की थी। इसमें से 2 छात्रों को ऑस्ट्रेलिया और एक छात्र को सिंगापुर भेजा जाना था। इस काम के बदले शोनिक ने आरोपी महिला को 20 लाख रुपए दिए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार पैसे लेने के बाद गुरविंदर कौर ने छात्रों को विदेश भेजने की प्रक्रिया में टालमटोल शुरू कर दी। काफी समय बीत जाने के बाद जब छात्रों की फाइलें आगे नहीं बढ़ीं तो शोनिक ने अपने पैसे वापस मांगे।

आरोप है कि महिला ने न तो छात्रों को विदेश भेजा और न ही उनके पैसे वापस किए। बार-बार मांगने पर भी जब पैसे नहीं मिले तो पीड़ित ने नवंबर 2025 में पुलिस के पास शिकायत (PGD नंबर 706344) दर्ज करवाई। लुधियाना पुलिस ने इस मामले की लंबी पड़ताल की। जांच अधिकारी ने पाया कि आरोपी महिला ने धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी गुरविंदर कौर के खिलाफ BNS की धारा 316 (2), 318 (4), 336 (2), 336 (3), 340 (2), 351 (3) धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।


## रत्न अस्पताल के मालिक डॉक्टर की कार पर फायरिंग, सुबह पता चला



लुधियाना/यूटर्न/14 मार्च। शिंगार सिनेमा रोड पर हरचरण नगर में रत्न हॉस्पिटल की पार्किंग में खड़ी अस्पताल के मालिक डॉक्टर की कार पर कुछ बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुँच गई है। जानकारी के मुताबिक यह घटना रतन हॉस्पिटल के मालिक डॉ. सुबीत रतन की फॉक्सवैगन कार के साथ हुई। डॉ. रतन ने बताया कि रोज की तरह उनकी कार अस्पताल की पार्किंग में खड़ी थी। शनिवार सुबह जब उनका ड्राइवर गाड़ी साफ करने पहुँचा तो उसने देखा कि कार का फ्रंट विंडशील्ड बुरी तरह टूटा हुआ था। जब बारीकी से जांच की गई तो गाड़ी के पास ही बदूक का खोल बरामद हुआ। डॉक्टर ने अंदेशा जताया है कि यह घटना रात करीब 1 बजे के आसपास हुई होगी। हालांकि गोली किसने चलाई और किस दिशा से आई इसका अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

# मोहाली में युवतियों से छेड़छाड़ के बाद पीछा कर स्कूटी को मारी टक्कर, आरोपी जूता छीनकर फरार

मोहाली, यूटर्न, 14 मार्च। शहर के पॉश इलाके फेज-3बी-2 में शुक्रवार देर रात युवतियों के साथ छेड़छाड़ और हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार सवार दो युवकों ने पहले युवतियों पर अभद्र टिप्पणी की और विरोध करने पर उनका पीछा कर स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दौरान एक आरोपी युवती का जूता तक उतारकर अपने साथ ले गया। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 12:40 बजे की है। दो युवतियां अपने एक दोस्त के साथ फेज-3बी-2 मार्केट में डिनर करने आई थीं। रेस्टोरेंट से बाहर निकलकर जब वे अपनी स्कूटी के पास पहुंचे, तभी काले रंग की वरना कार में सवार दो युवकों ने उन पर अभद्र टिप्पणी की। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद






आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया और आरोपी वहां से चले गए। पीड़ित युवतियों का आरोप है कि कुछ देर बाद जब वे स्कूटी से वहां से निकले तो कार सवार युवकों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। फेज-3 और फेज-5 के पास कई बार कार को स्कूटी के बेहद करीब लाकर टक्कर मारने की कोशिश की गई। एक बार स्कूटी को हल्की टक्कर भी लगी, हालांकि वे गिरने से बच गई। जब वे फेज-1 की ओर मुड़े तो कार सवार युवकों ने स्कूटी को कट मार दिया, जिससे स्कूटी चला रहे युवक के हाथ में चोट लग गई। इसके बाद एक आरोपी कार से उतरकर आया और युवती के पैर पर किसी वस्तु से वार किया। इसी दौरान उसने युवती के पैर से जूता उतार लिया और दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर फेज-1 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई बलविंदर सिंह के मुताबिक कार नंबर के आधार पर उसके मालिक की पहचान कर ली गई है, जो कंबाली का रहने वाला बताया जा रहा है। कार उसके चाचा के नाम पर है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है, जबकि दूसरे युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## चौथी बार ब्लॉक समिति चेयरमैन-उप चेयरमैन का चुनाव स्थगित, बंद मिला BDPO दफ्तर

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में शनिवार को ब्लॉक समिति के चेयरमैन और उप-चेयरमैन के चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक उस समय बड़े राजनीतिक विवाद का कारण बन गई, जब तय समय पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं को कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लटका



एसडीएम उपेंद्र जीत कौर बराड़



मिला। इस मौके पर पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष और लुधियाना से लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग विशेष रूप से अपने 11 ब्लॉक समिति सदस्यों के साथ चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। बिना नोटिस बैठक रद्द करना लोकतंत्र का अपमानः राजा वड़िंग, बंद कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने स्थानीय प्रशासन पर तीखे हमले किए।

# हल्लोमाजरा के पार्क में अव्यवस्था, लोगों में बढ़ी चिंता

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 14 मार्च। वार्ड नंबर 20 के हल्लोमाजरा स्थित पार्क में इन दिनों अव्यवस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। पार्क में कुछ लोग अपने पालतू कुत्तों को खुला घुमा रहे हैं, जबकि कई आवारा कुत्ते भी लगातार पार्क के अंदर घूमते रहते हैं। इसके कारण पार्क में सुबह-शाम टहलने आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पार्क आम जनता के स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए बनाया गया है, लेकिन पालतू और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या के कारण अब लोग यहां आने से कतराने लगे हैं। कई बार बच्चों के डरने और लोगों के असहज होने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे इलाके के लोगों में चिंता बढ़ गई है।



क्षेत्र के समाजसेवी अरविंद सिंह ने प्रशासन से इस मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्क की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही पार्क में पालतू कुत्तों को बिना नियंत्रण के घुमाने पर रोक लगाने और आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान करने की आवश्यकता है। अरविंद सिंह ने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में यह परेशानी और बढ़ सकती है। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभाग से अपील की है कि पार्क को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि स्थानीय निवासी निश्चित होकर पार्क का उपयोग कर सकें।

## नशीली गोलियों और कैप्सूलों सहित एक व्यक्ति काबू

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार, थाना सदर के अधीन आती पुलिस चौकी चौकीमान के प्रभारी एएसआई (ASI) आत्मा सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ मोगा-लुधियाना हाईवे से गांव चौकीमान को जाने वाली लिंक रोड पर गश्त कर रहे थे। सामने से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और जल्दबाजी में पीछे मुड़ते हुए अपने हाथ में पकड़ा एक काले रंग का लिफाफा जमीन पर फेंक दिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर लिफाफे में से 50 नशीले कैप्सूल और 21 नशीली गोलियां बरामद हुई। मौके पर काबू किए गए व्यक्ति की पहचान सतमिंगर सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उक्त व्यक्ति पर पहले भी अलग-अलग थानों में आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत 6 संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत नया मुकदमा दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बिना लाइसेंस महंगे दाम पर बीज बेचने वाले स्टोर मालिक पर मामला दर्ज

-चरनजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा मीडिया से साझा की गई क्राइम रिपोर्ट में दर्ज जानकारी के अनुसार, कृषि विकास अफसर (जगरांव) अर्शप्रीत कौर ने थाना हठूर के जांच अधिकारी एएसआई (ASI) गीत इंदरपाल सिंह को एक शिकायत पत्र पेश किया था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि गांव चकर में स्थित 'गुरु नानक फीड एंड सीड स्टोर' के मालिक अमनदीप सिंह ने अपने स्टोर में अनाधिकृत तौर पर मक्की, बाजरा और चरी के बीजों का भारी स्टॉक रखा हुआ था। स्टोर मालिक बिना लाइसेंस के इन बीजों को महंगे दाम पर बेचकर किसानों को ठग रहा था। पुलिस ने स्टोर मालिक के खिलाफ 'सीड कंट्रोल ऑर्डर 1983', 'सीड्स रूल्स 1955' और 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' (Essential Commodities Act) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई आरंभ कर दी है।

## नशीली गोलियों सहित एक युवक काबू

-चरनजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मार्च। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, थाना दाखा के एएसआई (अरक) गुरमीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ रकबा रोड स्थित एक बे-आबाद कॉलोनी (मंडी मुल्लांपुर) की ओर गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर पेड़ की आड़ में छिपने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर जब पुलिस ने उसे काबू करना चाहा तो उसने अपने हाथ में पकड़ा पारदर्शी लिफाफा पेड़ की जड़ की ओर फेंक दिया। पुलिस द्वारा जब लिफाफे को कब्जे में लेकर तलाशी ली गई तो उसमें से 12 नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने काबू किए गए उक्त युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिनदहाड़े चोरी की कोशिश नाकाम, लोगों ने एक युवक दबोचा



जीरकपुर, यूटर्न, 14 मार्च। जीरकपुर में शुक्रवार दोपहर स्थानीय लोगों की सतर्कता से दिनदहाड़े चोरी की कोशिश नाकाम हो गई। चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर स्थित एक शोरूम में चोरी करने आए तीन युवकों में से एक को लोगों ने मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। खास बात यह रही कि आरोपी पहले से ही सामान ले जाने के लिए एक रिक्शा भी साथ लेकर आए थे। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब 2:30 बजे तीन युवक हाईवे पर स्थित एक शोरूम पर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर से सामान बाहर निकालने लगे। बताया जा रहा है कि आरोपी शोरूम से एल्यूमिनियम और फर्नीचर का सामान बाहर रख रहे थे, ताकि उसे रिक्शे में लादकर ले जाया जा सके। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने शोरूम मालिक को फोन कर सूचना दी कि उसके शोरूम से सामान बाहर निकाला जा रहा है। शोरूम मालिक ने तुरंत आसपास के दुकानदारों को फोन कर बताया कि उसने किसी को भी सामान लेने के लिए नहीं भेजा है और वह खुद भी मौके पर मौजूद नहीं है। इसके बाद आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और युवकों से पूछताछ शुरू कर दी। खुद को घिरता देख दो युवक मौके से फरार हो गए, जबकि तीसरे को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। मौके पर मौजूद रिक्शा चालक ने बताया कि तीनों युवकों ने उसे सामान ढोने के लिए 300 रुपये में किराए पर रिक्शा किया था।

## गल्फ देशो में वार : पंजाब और चंडीगढ़ में भी कीमतें बढ़ने से जनता में हाहाकार

# गैस सिलेंडरों की हो रही शॉर्टेज, सभी तेलों के दाम में 10 रुपए इजाफा, प्लास्टिक दाना 50% महंगा, अस्पतालों की कैंटीनों में सीमित मेन्यू

पंजाब/चंडीगढ़/यूटर्न/14 मार्च। अमेरिका-इजरायल और ईरान में चल रही जंग का असर पंजाब और चंडीगढ़ में देखने को मिल रहा है। जहां दोनों राज्यों में गैस सिलेंडर की किल्लत होने के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अब घरेलू सामान से लेकर उद्योगिक पदार्थों के दाम बढ़ने शुरू हो चुके हैं। हालांकि लुधियाना समेत पूरे पंजाब में जिला प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडरों की किल्लत न होने के बयान दिए जा रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद भी राज्य के अलग अलग शहरों की वीडियोज व फोटोज सामने आ रही हैं। जहां पर लोग एजेंसियों के बाहर सिलेंडर की लाइन लगाकर खड़े हैं। इस वजह से पंजाब व चंडीगढ़ में प्रदर्शन भी शुरू हो चुके हैं। सिलेंडरों की किल्लत का मुख्य कारण लोगों द्वारा एक बुकिंग पर और 1-2 सिलेंडर बिना बुकिंग के लेकर स्टोर किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ लुधियाना में जमकर गैस की कालाबाजारी भी शुरू हो चुकी है। वहीं जहां गैस सिलेंडर की शॉर्टेज होने के मामले सामने आए हैं। वहीं सभी प्रकार के तेलों के दामों में 10 रुपए प्रति किलो का इजाफा हो गया है। यहीं नहीं प्लास्टिक दाने के दाम तो 50 प्रतिशत से पार हो चुके हैं। यह दाम अगले दो महीने तक बरकरार देने के दावे भी किए जा रहे हैं।




### लुधियाना में ब्लैक में भी गैस के बढ़े दाम

लुधियाना में कई दुकानदारों द्वारा ब्लैक में गैस सिलेंडर भरे जाते हैं। एक तरफ जहां उनके इस अवैध धंधे में तेजी आई है। वहीं उन्होंने भी इसके दाम बढ़ा दिए हैं। चर्चा है कि कालाबाजारी करने वालों ने 300 रुपए किलो गैस बेचनी शुरू कर दी है। शहर के ढोलेवाल की विश्वकर्मा कॉलोनी, टिब्बा रोड, ताजपुर रोड व अंदरी इलाकों में लगातार गैस सिलेंडर ब्लैक में भरे जा रहे हैं।



### पीजीआई समेत अस्पतालों की कैंटीनों में सीमित मेन्यू

चंडीगढ़ ट्राइसिटी में एलपीजी गैस की किल्लत का असर अब अस्पतालों तक पहुंच गया है। शहर के प्रमुख अस्पताल पीजीआई की ओपीडी कैंटीन में वीरवार को गैस खत्म होने के कारण करीब दो घंटे तक खाना नहीं बन पाया, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी हुई। कैंटीन संचालकों के अनुसार शनिवार को दो सिलिंडर मिलने के बाद सीमित मेन्यू के साथ काम शुरू किया। गैस की कमी का असर शहर के अन्य अस्पतालों में भी दिखाई दे रहा है। जीएमसीएच-32 और जीएमएसएच-16 की कैंटीनों में भी एलपीजी की कमी के चलते मेन्यू सीमित करना पड़ा है। वहीं अस्पताल कैंटीन में भोजन तैयार करने को तंदूर, लकड़ी और इंडक्शन चूल्हों का सहारा लिया जा रहा है।

### मोहाली में ब्लैक में मिल रहे सिलेंडर

मोहाली में स्थिति और गंभीर हो गई है, जहां गैस की कमी के चलते सिलिंडर ब्लैक में बिकने की शिकायतें सामने आ रही हैं। रेस्टोरेंट संचालकों के अनुसार जो सिलिंडर पहले करीब 1100 रुपये में मिलता था, वह अब 2500 रुपये तक में खरीदना पड़ रहा है।

### पंचकूला में सप्लाई लगभग बंद

वहीं पंचकूला में भी कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की सप्लाई लगभग बंद हो गई है। कई रेस्टोरेंट और कैटरिंग संचालकों ने नए ऑर्डर लेना बंद कर दिया है। कारोबारियों का कहना है कि यदि जल्द सप्लाई बहाल नहीं हुई तो कई आउटलेट बंद करने की नौबत आ सकती है।

### रेस्त्रां ढ़ाबे भी प्रभावित

गैस संकट के कारण जीएमसीएच-32 और जीएमएसएच-16 के बाहर शुक्रवार को कोई लंगर नहीं लगा, जबकि पीजीआई में केवल लकड़ी पर बनने वाला एक लंगर ही लगा। उधर, ट्राइसिटी के ढाबों और रेस्टोरेंट्स पर भी गैस किल्लत का असर साफ दिखाई दे रहा है। कई जगह लकड़ी और कोयले की भट्ठियों पर खाना बनाया जा रहा है और कई रेस्टोरेंट्स ने मेन्यू छोटा कर दिया है। कारोबारियों का कहना है कि गैस संकट के कारण उनका कारोबार करीब 50 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ है।

### चंडीगढ़ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन



शनिवार को चंडीगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस ने बापूधाम कॉलोनी स्थित वाल्मीकि धर्मशाला के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस रोष प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच. एस. लकी ने किया। प्रदर्शन का आयोजन महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुमनलता वैद्य के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों, कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों और शहर में चल रही किल्लत को लेकर अपना रोष जताया।

### सिलेंडर के 60 रुपए दाम बढ़े, 10 दिन बाद डिलिवरी

कई शहरों में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़ गए हैं। डिलिवरी करने वालों द्वारा 60 रुपए बढ़ाकर लिए जा रहे हैं। वहीं बुकिंग को लेकर भी कई लोगों को समस्या आ रही है। एक्सपर्ट के मुताबिक अगर किसी ने आज सिलेंडर लिया है, तो उससे 25 दिन बाद दोबारा बुकिंग होगी। वहीं 5 से 10 दिन बाद डिलिवरी मिलेगी। लेकिन गैस एजेंसी मालिकों का कहना है कि यह किल्लत नहीं है, बल्कि लोग स्टॉक को सभी लोगों के बीच बराबर बांटने का प्रयास है, ताकि किसी को दिक्कत न आए। क्योंकि लोग बुकिंग करवाकर घरों में सिलेंडर रखने लगे हुए हैं। ऐसे में इस कालाबाजारी पर नुकेल डलेगी।



### सभी प्रकार के तेल हुए महंगे

खाद्य एवं गैर-खाद्य व्यापारी केसगंज मंडी के अशोक गोयल ने बताया कि रसोई गैस की तो खाने में इस्तेमाल होने वाले सभी प्रकार के तेल महंगे हो गए हैं। सोया रिफाइंड, पाम ऑयल रिफाइंड, सरसों तेल, सन फ्लावर ऑयल, फूड कैमिकल के दाम 10 रुपए प्रति किलो महंगे हो चुके हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर की किल्लत के साथ साथ अब महिलाओं को इन बढ़े दामों से भी जूझना पड़ेगा। इसमें से सरसों तेल छोड़कर 90 प्रतिशत तेल की सप्लाई विदेश से होती है।




### आपकी आवाज पार्टी का हल्ला-बोल प्रदर्शन

घरेलू गैस कीमतों को लेकर शनिवार को वार्ड नंबर-14 में स्थानीय लोगों और आपकी आवाज पार्टी के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रेमपाल चौहान ने किया। यह प्रदर्शन वार्ड नंबर-14 के अध्यक्ष शाहनूर चौधरी और वार्ड नंबर-15 के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान महासचिव वीरेंद्र कुमार सूद, एडवोकेट जीवा राज, एडवोकेट अमित कुमार, गौतम दीपक कुमार, शशि कुमार, मीरा पाठक, अनोखे लाल, राजदुलारी और यशोदा देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोग भ्रम फैलाकर घरों में स्टोर कर रहे सिलेंडर

वहीं लुधियाना में कई इलाकों में लोगों द्वारा सिलेंडर की दिक्कत आने का भ्रम फैलाया जा रहा है। दरअसल, मौजूदा स्थिति मुताबिक एजेंसियों में सिलेंडर सप्लाई सही हो रही है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर एक सिलेंडर की जरुरत होने पर 2 से 3 लेकर स्टोर करके रखे जा रहे हैं। इसी वजह से ऐसी स्थिति आ रही है।

### ग्यासपुरा में एजेंसी में फूड विभाग की रेड

वहीं लुधियाना के ग्यासपुरा सुआ रोड पर कैले गैस एजेंसी में फूड सिविल सप्लाई की टीम ने रेड की। इस दौरान वहां से मैनेजर गुरप्रीत सिंह भाग गया। विभाग को मैनेजर की लोगों के साथ बदतमीजी करने की कई शिकायतें मिली थीं। इसी पर टीम एजेंसी पहुंची। इस दौरान जब टीम ने एजेंसी के कर्मचारी कमलप्रीत सिंह से पूछा कि कितने सिलेंडर एजेंसी में पड़े हैं तो वह कुछ बता नहीं सका। जिसके बाद उसे अधिकारियों ने अपने बयान लिखकर देने के लिए कहा।

### लोग भ्रम फैलाकर घरों में स्टोर कर रहे सिलेंडर

वहीं लुधियाना में कई इलाकों में लोगों द्वारा सिलेंडर की दिक्कत आने का भ्रम फैलाया जा रहा है। दरअसल, मौजूदा स्थिति मुताबिक एजेंसियों में सिलेंडर सप्लाई सही हो रही है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर एक सिलेंडर की जरुरत होने पर 2 से 3 लेकर स्टोर करके रखे जा रहे हैं। इसी वजह से ऐसी स्थिति आ रही है।


MANKAR GARG

### प्लास्टिक दाना 14 दिन में 50 प्रतिशत बढ़ा

प्लास्टिक कारोबारी मनकर गर्ग ने बताया कि प्लास्टिक दाने के दाम 14 दिन में 50 प्रतिशत बढ़े है। एक तारीख से लेकर अब तक रोजाना इसके दाम में बढ़ावा होता रहा और इस वजह से शनिवार तक इसमें 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। वहीं एक्सपोर्ट की बात करें, तो सरकार द्वारा कंटेनरों पर इंश्योरेंस खत्म कर दी है। कोई भी कंटेनर में एक्सपोर्ट करने का रिस्क नहीं ले रहा। जिससे एक्सपोर्ट कारोबार ठप हो चुका है।

# सेक्टर-26 मंडी में लाइसेंस आवंटन और नवीनीकरण में बड़े फजीवड़े का खुलासा, अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

चंडीगढ़/यूटर्न/ 14मार्च। सेक्टर-26 मंडी में इन दिनों फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाइसेंस हासिल करने का एक गंभीर मामला गरमाया हुआ है, जिससे मार्केट कमेटी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 'अमन फ्रूट एंड वेजिटेबल ट्रेडिंग कंपनी' (संचालक संजय प्रकाश और भरत प्रकाश) पर आरोप है कि उन्होंने परिसर के वास्तविक मालिक रामू (एससीओ नम्बर 26) के जाली हस्ताक्षर और फर्जी रेंट एग्रीमेंट का उपयोग करके अपना सेल एंड परचेज का लाइसेंस रिन्यू कराया है। इस धोखाधड़ी की पुष्टि खुद संपत्ति मालिक रामू ने मार्केट कमेटी को दिए अपने लिखित बयान में की है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि उन्होंने कभी किसी को रेंट पर अपनी दुकान नही दी है।



हैरानी की बात यह है कि जालसाजी का ये मामला माननीय राज्यपाल के पास पहुँचने के बावजूद, 2022 में तत्कालीन सेक्रेटरी शर्मा, मार्केट कमेटी और फिर 2025 में राजीव तिवारी, संयुक्त सचिव मार्केटिंग बोर्ड ने कार्रवाई करने के बजाय उसी विवादित कंपनी का लाइसेंस दोबारा रिन्यू कर दिया। यह विभाग के भीतर बैठे अधिकारियों की गहरी मिलीभगत को उजागर करता है।आशंका जताई जा रही है कि मंडी में ऐसे कई अन्य फर्जी लाइसेंस भी सक्रिय हो सकते हैं, जो पूरी व्यवस्था को खोखला कर रहे हैं। जानकारी अनुसार उक्त कंपनी का 2019 में लाइसेंस रिन्यू होना था।

उस समय संजय प्रकाश ने मौजूदा मालिक मंगला देवी एससीओ नम्बर-3 से रेंट अग्रीमेंट लेकर मार्केट कमेटी में दे दिया,लेकिन संजय प्रकाश ने न तो कब्जा लिया और न ही किराया दिया। इसके बाद मंगला देवी ने मार्किट कमेटी को लिख कर दे दिया कि अमन फ्रूट एन्ड वेजीटेबल्स कम्पनी का मुझसे कोई लेना देना नही है। लाइसेंस रिन्यू करवाने के लिए फिर संजय प्रकाश ने रामू को सम्पर्क किया लेकिन उसने भी रेंट एग्रीमेंट देने से मना कर दिया। जिसके बाद संजय प्रकाश ने रेंट अग्रीमेंट बनाकर उसमे रामू के जाली हस्ताक्षर कर मार्किट कमेटी में दे दिया और लाइसेंस रिन्यू करवा लिया। कुछ महीनों बाद जब रामू को पता चला कि संजय प्रकाश ने उसके फर्जी हस्ताक्षर कर के धोखे से अपना लाइसेंस रिन्यू करवा लिया है तो उसने मार्केट कमेटी को लिखित में दिया कि उसने कभी अमन फ्रूट एंड वेजिटेबल ट्रेडिंग कंपनी को रेंट एग्रीमेंट नही दिया है। हैरानी की बात है करीब 4 साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद मार्किट कमेटी ने इस फजीर्वाड़े की जानकारी होने के बाद भी उस पर कोई कानूनी कार्रवाई न करते हुए उसका लाईसेंस रिन्यू कर दिया। जबकि मामला 420 का है। ये लाइसेंस हर तीन साल में रिन्यू होता है और नियम है कि अगर कोई तय समय में लाइसेंस रिन्यू नही करवाता(जिसके लिए रिटेलर की मंडी में किसी शोरूम में किराये पर दुकान होनी चाहिए) है तो उसका लाइसेंस स्वतः रद्द हो जाता है।

# वार्ड 27 में एक सप्ताह से जाम सीवरेज खुला, लोगों को मिली राहत



जीरकपुर, यूटर्न, 14 मार्च। जीरकपुर के वार्ड नंबर 27 में पिछले करीब एक सप्ताह से सीवरेज जाम होने की समस्या से स्थानीय लोग काफी परेशान थे। कई बार सफाई करवाने के बावजूद सीवरेज पूरी तरह नहीं खुल पा रहा था, जिससे इलाके में गंदा पानी जमा हो रहा था और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

शनिवार को नगर परिषद की सीवरेज मशीन मंगवाकर नालों और पाइपलाइन की सही तरीके से सफाई करवाई गई। मशीन से की गई सफाई के बाद जाम सीवरेज पूरी तरह खुल गया, जिससे इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई थी। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब मशीन से सफाई होने के बाद सीवरेज सुचारू रूप से चलने लगा है। इस मौके पर वार्ड की पार्षद रेणु पवन नेहरू ने कहा कि वह वार्ड के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी हैं और आगे भी किसी भी तरह की दिक्कत आने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर परिषद की टीम का सहयोग के लिए धन्यवाद भी किया। स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान पर संतोष जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि भविष्य में ऐसी समस्याओं का जल्द और स्थायी समाधान किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में सोना चोरी मामले में आरोपी की जमानत रद्दः कोर्ट ने दिया सरेंडर का आदेश, ऑर्डर न मानने पर होगी कानूनी कार्रवाई

पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। चंडीगढ़ के मनीमाजरा में ज्वेलरी शॉप से 505 ग्राम सोना चोरी के मामले में सेशन कोर्ट ने आरोपी को मिली जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि आरोपी 15 दिनों के अंदर ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करे, वरना कोर्ट उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करेगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरप्रीत कौर की कोर्ट ने यह फैसला शिकायतकर्ता की ओर से दायर अपील पर सुनाया। कोर्ट ने पहले दिए गए उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें आरोपी की जमानत रद्द करने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। मामले में मनीमाजरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर साल 2024 में दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता सौरव भुनिया ने आरोप लगाया था कि आरोपी पलाश साहू ने उसकी दुकान से 505 ग्राम सोना चोरी कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने 21 जून 2024 को पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गांव गोपमहाल में छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को चंडीगढ़ कोर्ट में पेश करने के लिए



पुलिस उसे कोलकाता एयरपोर्ट लाई, लेकिन फ्लाइट छूट जाने के कारण उसे पहले नजदीकी बरासात कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेशी के बाद मिली थी जमानत बरासात कोर्ट ने क्षेत्राधिकार का हवाला देते हुए आरोपी को पश्चिम मेदिनीपुर के घाटल कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। वहां कोर्ट ने आरोपी को अंतरिम डिफॉल्ट बेल दे दी और दो सप्ताह के भीतर चंडीगढ़ कोर्ट में पेश होने की शर्त रखी। इसके बाद आरोपी 6 जुलाई 2024 को चंडीगढ़ की कोर्ट में पेश हुआ, जहां उसे डिफॉल्ट बेल दे दी गई। पुलिस ने बाद में उसकी जमानत रद्द करने की अर्जी लगाई थी, लेकिन 4 सितंबर 2024 को यह अर्जी खारिज कर दी गई थी। सेशन कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था। इसलिए केवल इस आधार पर डिफॉल्ट बेल नहीं दी जा सकती कि उसे 24 घंटे के अंदर पेश नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि डिफॉल्ट बेल का अधिकार तभी बनता है जब जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि में जांच पूरी न करे। कोर्ट ने पहले के आदेश को रद्द करते हुए आरोपी की जमानत खत्म कर दी और उसे 15 दिन के भीतर ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। आदेश में यह भी कहा गया कि तय समय में सरेंडर न करने पर ट्रायल कोर्ट आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।

# कामरेड मद्दू तथा तजिंदर सोढी को दिया जाएगा 2025-26 का गंगा यमुनी ,हारमोनियस अवार्डः/ डा. बग्गा





दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 14 मार्च। समाजवादी विचारधारा के धारक पूर्व सांसद चौधरी बलबीर सिंह तथा पूर्व विधायक प्रिं. ओम प्रकाश बग्गा जीवन भर आपसी भाईचारक सांझ, राष्ट्रीय एकता और धर्मनिर्पेक्षता की मजबूती के लिए कार्यरत रहे। प्रिं. ओम प्रकाश बग्गा 2 जून 1984 को तथा चौधरी बलबीर सिंह 10 मई 1985 को इस संसार को छोड़ प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे।

यह जानकारी देते हुए सामाजिक जागरुकता हेतु कार्यरत संस्था सवेरा के कनवीनर डा. अजय बग्गा ने बताया कि वर्ष 2025-26 का चौधरी बलबीर सिंह तथा प्रिं. ओम प्रकाश बग्गा की याद में गंगा यमुनी हारमोनियस अवार्ड कम्युनिस्ट विचारक, सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड दर्शन सिंह मट्टू तथा सिख विद्वान तजिंदर सिंह सोढी पूर्व चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट होशियारपुर को दिया जाएगा। डा. बग्गा ने कहा कि इन दोनों नेताओं को सम्मानित करने से लोगों में प्यार, मोहब्बत तथा आपसी भाईचारक सांझ बढ़ाने के लिए काम करने की प्रवृति बढ़ेगी। मई माह में मजदूर दिवस पर दिए जाने वाले इस अवार्ड के बारे में डा. बग्गा ने बताया कि अवारक्ड प्राप्त करते समय हर सामाजिक कार्यकर्ता को यादगारी चिन्ह, दोशाला तथा 21000 रुपये भेंट किए जाएंगे। इस दौरान 15 विद्यार्थियों को हर माह 1000 रुपये प्रति विद्यार्थी के हिसाब से छात्रवृत्ति भी भेंट की जाएगी। यह विद्यार्थी वह विद्यार्थी हैं जो पढ़ाई के साथ-साथ पूरी मेहनत से सुबह समाचारपत्र घर-घर पहुंचाते हैं। कामरेड दर्शन सिंह मट्टू एवं तजिंदर सिंह सोढी राजनेता होने के बावजूद पिछले 40 साल से जन भलाई कार्यो को समर्पित हैं। दोनों नेता समाज में आपसी भाईचारक सांझ तथा राष्ट्रीय एकता की मजबूती के लिए कार्यरत हैं।

यूटर्न टाइम

# लुधियाना में लाडोवाल टोल फ्री कराने का ऐलान:केंद्रीय मंत्री शाह का पुतला जलाएंगे किसान, सरकार को दी चेतावनी

पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। लुधियाना भारतीय किसान मजदूर यूनियन (पंजाब) ने आज अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (चैप्टर पंजाब) के की ओर से आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में लुधियाना के लाडोवाल टोल प्लाजा पर यूनियन के कार्यकताओं की ओर से अमित शाह का पुतला भी फूंकना है। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई केवल किसानों की नहीं बल्कि हर आम नागरिक की कॉमन लड़ाई है। आज दिन भर प्रदर्शन के चलते किसानों का लक्ष्य टोल प्लाजा को पूरी तरह से फ्री करवाना है। यूनियन के नेताओं ने इस विरोध प्रदर्शन के पीछे तीन प्रमुख स्थानीय और प्रशासनिक विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा



कि हल्का साहनेवाल के ससराली गांव में बना डैम सफेद हाथी साबित हो रहा है। किसानों का कहना है कि इसका उद्घाटन खुद मंत्री और DC ने बड़े तामझाम के साथ किया था। लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक इसका टेंडर ही नहीं हुआ है। टेंडर न होने के कारण डैम का काम नहीं चल रहा, जिससे फसलों की सिंचाई और जल प्रबंधन ठप पड़ा है। राहों रोड की खस्ताहाल स्थिति को लेकर किसान लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं। अधिकारियों को डिमांड लेटर दिए गए, प्रोटेस्ट हुए, लेकिन सड़क निर्माण का काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। किसानों ने सड़क के बीचों-बीच खड़ी होने वाली गाड़ियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है जिस पर प्रशासन मौन है। पिछली बार के आंदोलन से सबक लेते हुए स्थानीय यात्रियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## प्रशासन और टोल अधिकारियों की चालाकी नहीं चलने देंगे

गौरतलब है कि पिछली बार जब किसानों ने धरना खत्म किया था तो उसके बाद रात को उन लोगों के मोबाइल पर टोल कटने के मैसेज आए थे, जिन्होंने 'फ्री' के दौरान वहां से क्रॉस किया था। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि हम इस बार प्रशासन और टोल अधिकारियों की चालाकी नहीं चलने देंगे। जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, टोल फ्री रहेगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बाद में किसी भी वाहन चालक का पैसा न कटे। लाडोवाल टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। किसान नेताओं ने साफ कहा है कि अगर आज भी उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन और भी तीखा रूप अख्तियार करेगा।

# मोगा में BJP की बदलाव रैली: शाह का ट्वीट- आप-दा सरकार ने पंजाब करप्शन-ड्रग्स, क्राइम में डुबोया; सिंगर का पार्टी में शामिल होने से इनकार

पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। पंजाब में विधानसभा चुनाव- 2027 से पहले इखढ आज मोगा में बदलाव रैली कर रही है। जिसे केंद्रीय





गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। वे करीब 1 बजे रैली में पहुंचेंगे। भाजपा ने यहां 85 एकड़ में टेंट लगा एक लाख की भीड़ जुटाने का टारगेट रखा है। वहीं रैली में आने से पहले शाह ने ट्वीट कर कहा- पंजाब का हर व्यक्ति बदलाव चाहता है। क्योंकि जवानों, किसानों और मेहनतकश लोगों के लिए प्रसिद्ध पंजाब की पवित्र भूमि को आप-दा सरकार ने करप्शन, ड्रग्स और अपराध में डुबो दिया है। रिमोट कंट्रोल वाली आप-दा सरकार में पंजाब से लॉ एंड ऑर्डर और विकास नदारद हैं। आज मोगा में पंजाब के बहनों-भाइयों से संवाद के लिए उत्सुक हूँ। इसी बीच चर्चा चली कि मशहूर पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख भाजपा जॉइन कर सकते हैं। औलख हरियाणा के रहने वाले हैं। हालांकि औलख ने इखढ में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि वह यहां परफॉर्म करेंगे। वह सभी पार्टियों में शामिल हैं।

# जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत आज

पंजाब/यूटर्न/ 14मार्च। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत आज जिला श्री फतेहगढ़ साहिब की अदालतों तथा सब-डिवीजन स्तर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार चौहान ने बताया कि लोक अदालत में आज विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा किया गया। जिले में 12 बेंचों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के बहुत लाभ हैं और इनमें समझौता होने की स्थिति में कोर्ट फीस भी वापस हो जाती है तथा लोक अदालत का फैसला भी अंतिम होता है।

# खालसाई रंग में रंगी श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी, फतेहगढ़ साहिब

पंजाब/यूटर्न/ 14 मार्च। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नेतृत्व में चल रही श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी, फतेहगढ़ साहिब में होला मोहल्ला को समर्पित दो दिवसीय दूसरा राष्ट्रीय संवाद समारोह गुरु की लाडली फौजों के खालसा मार्च के साथ संपन्न हो गया। समारोह के दौरान विभिन्न सत्रों में विचार-विमर्श, पुस्तक परिचर्चा, लेखक संवाद, कवि दरबार और संगीत प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। समारोह के दूसरे और अंतिम दिन विश्वविद्यालय परिसर में शिरोमणि पंथ अकाली बुड्ढा दल की निहंग सिंह फौजों द्वारा जहां खालसा मार्च निकाला गया, वहीं गतका और घुड़सवारी के आकर्षक करतब भी दिखाए गए। इस अवसर पर निहंग सिंहों ने दो-दो घुड़सवारों के साथ युद्धक



कौशल का प्रदर्शन भी किया, जिसका विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परित पाल सिंह ने विभिन्न गतिविधियों और खालसा मार्च के दौरान प्रस्तुत किए गए युद्धक करतबों पर संतोष व्यक्त करते हुए आशा जताई कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के मन में अपने विरसे के प्रति गहरा जुड़ाव पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि होला मोहल्ला सिख विरसे और सिद्धांत का अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए स. करण बीर सिंह सिद्धू, पूर्व विशेष मुख्य सचिव, पंजाब सरकार ने विश्वविद्यालय द्वारा होला मोहल्ला की महत्ता और विरासत को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं के लिए शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ अपने समृद्ध सांस्कृतिक विरसे से जुड़े रहना भी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ट्रस्ट के सदस्य एडवोकेट स. अमरदीप सिंह धारनी ने कहा कि विद्यार्थियों के बहुआयामी व्यक्तित्व विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।



Tamanna Bhatia

# अगर श्री गुरु तेग बहादुर जी न होते तो आज हिंदू न होते: अमित शाह

**नवीन गोगना**

**मोगा, यूटर्न, 14 मार्च। आज (शनिवार) देश के गृह मंत्री अमित शाह मोगा पहुंच रहे हैं, जहां वे गांव किली चाहलां में होने वाली 'बदलाव रैली' के दौरान बड़े जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर भाजपा कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और पंजाब के अलग-अलग हिस्सों से लोगों के पहुंचने की संभावना है। दूसरी ओर किसान संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन की संभावना भी जताई जा रही है, जिसके कारण सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। माना जा रहा है कि रैली के दौरान अमित शाह पंजाब से संबंधित कुछ बड़े राजनीतिक ऐलान भी कर सकते हैं।**








**अमित शाह की रैली को लेकर उत्साह, बड़ी संख्या में लोग मौजूद...**अमित शाह की रैली को लेकर मोगा में लगे पंडाल में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और लोग रैली में पहुंचे हैं।



## पंजाब में सरकार ही नहीं है: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि मुझे एक पत्रकार का फोन आया और उसने कहा कि आप पंजाब में सरकार बदलने जा रहे हैं। मैंने जवाब दिया कि पंजाब में सरकार है ही नहीं, हम तो अपनी सरकार लेकर आ रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री ने बहुत से वादे किए थे, आप बताइए उनमें से कोई पूरा हुआ है? यह जो आप पार्टी की सरकार है, यह वादा खिलाफी की सरकार है। यह पंजाब का भला नहीं कर सकती। यह भ्रष्टाचार से भरी सरकार है। मुख्यमंत्री भगवंत मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली से आए 4 लोग पंजाब में बैठकर पंजाब का पैसा लूट रहे हैं। पंजाब में बहुत सारे घोटाले हुए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंजाब सरकार ने अपना चेहरा दिखाने के लिए 800 करोड़ रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर दिए। यह पंजाब का भला नहीं कर सकते। पूरा पंजाब नशे की समस्या से जूझ रहा है। पंजाब में आए दिन हत्याएं हो रही हैं। पुलिस चौकी में भी पुलिस अधिकारी मार दिए जाते हैं।

## हम धर्म परिवर्तन पर रोक लगाएंगे: अमित शाह

पंजाब में आज बड़े स्तर पर धर्म परिवर्तन हो रहा है। यदि हमारी सरकार बनी तो हम सबसे पहले धर्म परिवर्तन पर रोक लगाएंगे। आप और कांग्रेस सरकार वोटों के लालच में यह करवा रही है। अगर विभाजन के समय भाजपा की सरकार होती तो हम करतारपुर साहिब को पाकिस्तान में नहीं जाने देते। कांग्रेस सिख धर्म के बारे में कुछ नहीं सोचती है।

## मोदी जी पर गुरुओं की कृपा: अमित शाह

गुरुओं के कई बड़े कार्यक्रम मोदी जी की अगुवाई वाली सरकार के समय हुए हैं। मोदी जी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी गुरुपर्व राष्ट्रीय स्तर पर मनाए हैं।

हम 2 साल में पंजाब से नशे का कारोबार खत्म कर देंगे : अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि हमने देश से नक्सलवाद खत्म करने की बात कही थी और अब वह खत्म होने की कगार पर है। मैं वादा करता हूं कि यदि आप फरवरी में भाजपा की सरकार बनाते हैं तो हम पंजाब से 2 साल के भीतर नशे का कारोबार खत्म कर देंगे।

## पंजाब की सत्ता में बदलाव की शुरुआत

आज से भगवंत मान की सरकार की काउंटडाउन शुरू हो जाएगी। आम आदमी पार्टी सिर्फ झूठ बोलती है और वादाखिलाफी करती है। यह वे लोग हैं जो लोकतंत्र की बात करते हैं लेकिन तानाशाही तरीके से सरकार चला रहे हैं। आज नासमझ, नाकाबिल और नाकाम लोग पंजाब की सरकार चला रहे हैं, जिनके पास न विजन है और न ही कोई रोडमैप।

## भगवंत मान सरकार की काउंटडाउन शुरू: तरुण चुघ

मोगा : भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी मोगा पहुंचे, जहां वे गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करेंगे और 'बदलाव रैली' का हिस्सा बने हैं। उनके साथ राज्यसभा सदस्य सतनाम संधू भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, आज भाग्यशाली दिन है और यह धरती भी भाग्यशाली है, जहां 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी ने खड़े होकर पंजाब में बदलाव की शुरूआत की थी और पंजाब से कांग्रेस की सरकार गई थी। फिर 2006 में भी पंजाब में बदलाव की शुरूआत हुई और आज फिर 20 साल बाद उसी धरती पर भारत के दो बड़े नेताओं में से एक भारत के गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे हैं, जिन्हें सुनने के लिए 117 विधानसभा क्षेत्रों से लोग पहुंचे हैं।

**उन्होंने कहा कि—**

- नीतियों में बदलाव
- माफिया राज से मुक्ति का बदलाव
- गैंगस्टर और नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सोच की शुरूआत




## एक मौका भाजपा को दें, हम पंजाब बदल देंगे: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि इस समय पंजाब में गैंगस्टरवाद हावी है। हम इसे जड़ से खत्म कर देंगे। पंजाब से सिर्फ भाजपा ही नशा खत्म कर सकती है। हमने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाई। हमने नक्सलवाद खत्म किया। आपने अकाली दल, कांग्रेस और आप को मौका दिया, अब एक मौका भाजपा को दें, हम पंजाब बदल देंगे।

## अगर श्री गुरु तेग बहादुर जी न होते तो आज हिंदू न होते: अमित शाह

मोगा में बदलाव रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नानकशाही कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुभकामनाएं देकर अपने भाषण की शुरूआत की। अमित शाह ने कहा कि सिर पर बंधी पगड़ी का बहुत महत्व है। यह पगड़ी कुर्बानियों से मिली है। यदि श्री गुरु तेग बहादुर जी न होते तो आज हिंदू नहीं होते। हम 2027 के चुनाव जीतने के लिए लड़ रहे हैं। मैं आज पंजाब के लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं।

## सुखबीर बादल ने 100 सीटों पर जीत का किया दावा

गृह मंत्री Amit Shah ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी और पंजाब में अपनी सरकार बनाने की कोशिश करेगी। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। सभी राजनीतिक पार्टियां रैलियां कर रही हैं।



पिछले काफी समय से चर्चा थी कि अकाली दल और भाजपा मिलकर 2027 का चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया है कि भाजपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी और पंजाब में अपनी सरकार बनाने की कोशिश करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने संकेत दिया कि भाजपा पंजाब में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, पहली बार हम अपनी सरकार बनाने के उद्देश्य से चुनाव लड़ रहे हैं। आज हम पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू कर रहे हैं। अब तक हम पंजाब में 'छोटे भाई' की भूमिका में रहे हैं, जिसके कारण हम कभी अपनी सरकार नहीं बना सके। लेकिन 2027 में हम पंजाब में भाजपा की सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। अगर कोई पंजाब को नशे की समस्या से मुक्त कर सकता है।
तो वह Narendra Modi और भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार ही कर सकती है।

## भाजपा नेताओं के साथ पंजाबी गायक मनकीरत औलख भी मौजूद

मोगा में अमित शाह की ह्लबदलाव रैलीह्व को लेकर भाजपा नेताओं में भारी उत्साह है। भाजपा नेता जगमीत सिंह बराड़ ने कहा कि, ह्लगृह मंत्री अमित शाह के लिए पंजाब की खेती और मानव अधिकार जैसे मुद्दे प्राथमिकता हैं और आज उनके द्वारा बड़े ऐलान की उम्मीद है।ह्व इस मौके पर भाजपा नेताओं के साथ पंजाबी गायक मनकीरत औलख भी नजर आए।

## पंजाब की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए केंद्र दे रहा बड़ी मदद : रवनीत बिट्टू

मोगा के गांव किली चहलां में आयोजित 'पंजाब बदलाव रैली' में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू विशेष तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए और पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिट्टू ने केंद्र सरकार की नीतियों और पंजाब के विकास को लेकर अहम विचार साझा किए। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार देश के साथ-साथ पंजाब के सर्वपक्षीय विकास के लिए पूरी तरह संजीदा है।



## पंजाब में ध्रुवीकरण का एजेंडा शुरू न किया जाए: सुखजिंदर रंधावा

श्री अमित शाह, आप ऐसी पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने हमारे किसानों को अपमानित किया है, वादों से पीछे हट गई है और हरियाणा में बैरिकेडिंग, गोलीबारी और लाठीचार्ज करके उनकी आवाजाही की आजादी को दिल्ली तक सीमित कर दिया। आपने पंजाब को पाकिस्तान से लगती सीमा पर नशे और हथियारों की आवाजाही के लिए पहले से भी ज्यादा कमजोर बना दिया है। आप गुजरात की जेलों में गैंगस्टरों को पनाह दे रहे हैं और उन्हें बिना जांच के अपनी आपराधिक गतिविधियां चलाने दे रहे हैं। आपका एजेंडा सिख पहचान को कमजोर करना है। आपकी आज की यह रैली सिर्फ गंदे पैसे की ताकत का प्रदर्शन है। भाजपा ने आम आदमी की कीमत पर चुनावी बॉन्ड और कॉरपोरेट दान लिए हैं, जबकि आम आदमी आज भी एलपीजी सिलेंडर भरवाने के लिए लाइन में खड़ा है। सिर्फ एक अनुरोध है कि पंजाब में ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू न की जाए।

## कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने घेरा



सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्यों को हिरासत में लिए जाने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने पंजाब पुलिस पर सवाल उठाए और अमित शाह की रैली को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जैसे ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पंजाब दौरे पर आए हैं, पंजाब पुलिस नागरिकों को अपनी आवाज उठाने देने की बजाय सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्यों को हिरासत में लेने में लगी हुई है। क्या यही लोकतंत्र है, या आम आदमी पार्टी और भाजपा द्वारा सावधानी से तैयार किया गया प्रदर्शन?

उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान उस अपमान को नहीं भूले हैं जिसका उन्हें सामना करना पड़ा—टूटे हुए वादे, दिल्ली जाने वाले हाईवे पर बैरिकेड, पानी की बौछारें, लाठीचार्ज और उनके विरोध को दबाने की कोशिशें। पंजाब सीमा सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और राज्य में आ रहे नशे व हथियारों के बारे में भी स्पष्ट जवाब चाहता है।

उन्होंने कहा कि लोग यह भी देख रहे हैं कि गुजरात जैसे राज्यों की जेलों से गैंगस्टर अपने आपराधिक नेटवर्क चलाते रहते हैं, जबकि सरकारें दावा करती हैं कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। लोकतंत्र का मतलब दौरे से पहले आवाजों को दबाना नहीं होता। पंजाब अपने सवाल पूछेगा और उन सवालों को बैरिकेड, हिरासत या राजनीतिक नाटक से नहीं रोका जा सकता।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372